
एक नजर में

## प्रधानमंत्री मोदी का मार्गदर्शन राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए करता प्रेरित...



**बदनावर ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का रविवार को 131 वां एपिसोड प्रसारित हुआ। भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा क्षेत्र के सभी 6 मंडलों पर एलईडी स्क्रीन व टीवी के माध्यम से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुना व देखा। पश्चिम क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य गांव भेरूपाडा गांव के 75 नंबर बूथ पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेमचंद परमार की उपस्थिति में ग्रामीणों व भाजपा कार्यकर्ताओ ने मन की बात को सुना। इस मौके पर भाजपा के जिला सह मीडीया प्रभारी मनोज सोलंकी, भाजपा नेता भूपेंद्रसिंह मस्ताना व मीतेश शर्मा भी उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रेमचंद परमार ने कहा कि %मन की बात% सभी को एक सूत्र में बांधती है और प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है। यह कार्यक्रम जमीनी स्तर पर सरकार की नीतियों और योजनाओं को समझने में भी सहायक है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया का उपयोग सतर्कता के साथ करे। अनजान व्यक्ति या फर्जी काल से सावधान रहें। किसी को भी अपना निजी बैंक डाटा व पासवर्ड तथा ओटीपी न दे। ग्रामीणों को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी भी दी। इस दौरान गांववालों की समस्याएं सुनकर निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों से चर्चा की। इस मौके पर ग्राम पंचायत सरपंच उदयसिंह गामी, राजाराम डामर समेत बड़ी संख्या में गांववासी मौजूद थे। नगर मंडल के बूथ क्रमांक 78 पर मंडल अध्यक्ष मनीष गुर्जर, महामंत्री संतोष राव व शंभूपाडा पंचायत सरपंच हीरालाल सोलंकी की उपस्थिति में कार्यक्रम सुना व देखा गया। नगर मंडल समेत ग्रामीण मंडल, बखतग? मण्डल, कानवन मंडल, बि?वाल मंडल व सादलपुर मंडल के बूथों पर भी कार्यकर्ताओ ने मन की बात एपिसोड को सुना व देखा।

## बदनावर में 7 साल की जुड़वा बहनों ने रखा पहल रोजा

**बदनावर ( निप्र )** पाक रमजान महीने में अपने रब को राजी करने के लिए मोमिनो द्वारा रोजे रखे जा रहे है। अपने घर वालों कोरोजा रखते देख कर वह अल्लाह को राजी करने के लिए दो मासूम जुड़वा बहने अलमीरा मंसूरी , अश्मीरा मंसूरी ने अपने जीवन का पहला रोजा रविवार को रखा। यह दोनों बच्चियों हाजी यासीन मंसूरी की परपोतीया व असद नासिर मंसूरी की बेटियां हैं। खुशीशी व इबादत के माहौल में इन्होंने अपना पहला रोजा मुकम्मल किया। परिवार वाले वह रिश्तेदारों ने इन बेटियों को दुआओं से नवाजा।



## बदनावर में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत महापुराण का शुभारंभ



**बदनावर ।** नगर स्थित मां एकवीरा मंदिर परिसर में सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का भव्य शुभारंभ श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। प्रथम दिवस विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। पूरे नगर में भक्ति, उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा का वातावरण निर्मित हो गया। गुड़गांव से पधारी पूज्य महामंडलेश्वर आत्म चेतना दीदी ने अपने ओजस्वी एवं सारगर्भित प्रवचनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि दिया हुआ दान और भगवान का लिया हुआ नाम, दोनों ही मनुष्य के साथ अंत समय तक चलते हैं। उनके मधुर वचनों ने उपस्थित जनसमूह को आध्यात्मिक चेतना से ओत-प्रोत कर दिया। कथा के दौरान दीदी ने समाज में व्याप्त एक गंभीर विसंगति की ओर भी ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने प्रश्न उठाया कि जब हम अपने पुत्र के लिए किसी के घर की बेटी को सहर्ष स्वीकार करते हैं, तो अपने घर बेटी के जन्म पर प्रसन्नता क्यों नहीं व्यक्त करते, यह भेदभाव समाज के लिए गहन चिंतन का विषय है। उन्होंने समानता, संस्कार और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। प्रथम दिवस की कथा का पुण्य लाभ सुरेश चन्द पाटीदार एवं श्रीमती मोहनबाई पाटीदार (बखतगढ़) ने प्राप्त किया। आयोजन में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## सोहन चौहान बने रविदास समाज नागदा के अध्यक्ष

नागदा । रविदास समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के संगठन को मजबूती देने हेतु नई नियुक्तियां की गई। राजेश कलसाड़िया जी (जिला अध्यक्ष, रविदास समाज, जिला धार) द्वारा आधिकारिक पत्र जारी करते हुए श्री सोहन चौहान को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। सोहन चौहान को आगामी 5 वर्षों के लिए 4 गांव जिनमें नागदा कानवन मनासा खेरोद का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिला अध्यक्ष राजेश कलसाड़िया ने आशा व्यक्त की है कि सोहन चौहान के नेतृत्व में समाज एकजुट होगा और विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। इस नियुक्ति पर समाज के बंधुओं ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।








# बजट "GYAN-II" मॉडल पर आधारित : सांसद

- जनजातीय समुदाय की नई पीढ़ी के शैक्षणिक विकास के लिए संकल्पित भाजपा सरकार - सांसद डॉ कविता पाटीदार
- यह बजट केवल आय व्यय का विवरण नहीं है बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण सशक्त रोडमैप है...

**धार ।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत रु 4.38 लाख करोड़ के ऐतिहासिक एवम सर्वसमावेशी बजट पर सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय धार में आयोजित विस्तृत प्रेस वार्ता को भाजपा वरिष्ठ नेता राज्यसभा सांसद डॉ कविता पाटीदार ने सम्बोधित किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप सिंह पटेल जिला महामंत्री देवेंद्र सोनोने भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा सह मीडिया प्रभारी मनोज कवि विशेष रूप से उपस्थित रहें।

राज्यसभा सांसद डॉ कविता पाटीदार ने कहा कि यह बजट "GYAN-II" माडल पर आधारित एक दूरदर्शी दस्तावेज है जो ग़रीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के समग्र उत्थान के साथ साथ अधोसंरचना और औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगा । उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आय व्यय का विवरण नही है बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण सशक्त रोडमैप है। भाजपा सरकार जनजातीय समुदाय की नई पी?ी को हर क्षेत्र में आगे लाने के लिये प्रतिबद्ध है। साथ ही जनजातीय सांस्कृतिक पहचान एवं विरासत को बनाये रखने के साथ ही विकास प्रक्रि?या में हर स्तर पर उनकी भागीदारी सुनिश्चि?त की जा रही है। राज्य सरकार ने जनजातीय विदयार्थियों की शिक्षा के लिये पर्याप्त बजट प्रावधान किया है। शिक्षा के अलावा सामाजिक एवं आर्थि?क विकास के लिये भी पर्याप्त धनराशि का प्रावधान किया गया है।

कृषि और किसान कल्याण के लिए 5 एच पी के कृषि पंपों हेतु रु 5276 करोड़ का प्रावधान दलहन आत्मनिर्भर मिशन के लिए 335 करोड़ तथा समर्थन मूल्य पर बोनस भुगतान हेतु रु 150 करोड़ निर्धारित किए गए हैं । आपातकालीन ऋण पर व्याज अनुदान के लिए 720 करोड़ की व्यवस्था की गई है । प्रधानमंत्री कृषक सूर्य मित्र योजना के अन्तर्गत 1 लाख सोलर पंप उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है जिससे किसानों को सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध होगी। पशुपालन गतिविधियों के लिए 2364 करोड़ का प्रावधान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती देगा ।

ग़रीब कल्याण और सामाजिक सुरक्षा के लिए 2857 करोड़ तथा पिछड़ा वर्ग एवं अन्य वर्गों के कल्याण के लिए 1691 करोड़ का प्रावधान किया गया है ग्रामीण परिवारों को आबादी भूमि का मालिकाना हक प्रदान करने और पंजीयन व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन करने के लिए 3800 करोड़ कि व्यवस्था की गई है सांसद ने कहा कि ये निर्णय सामाजिक न्याय और आर्थिक स्थिरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम है ।

> नारी सशक्तिकरण के लिए दिए बजट को बजट का आत्मा बताते हुए सांसद ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 के लिए रु 1801 करोड़ तथा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लिए 23883 करोड़ का प्रावधान किया गया है यशोदा दुग्ध प्रदाय योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों के पोषणस्तर को सुदृढ़ करने हेतु 700 करोड़ का प्रावधान किया गया है । यह बजट समावेशी विकास की अवधारणा को साकार करता है और मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने वाला निर्णायक कदम है । उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश के प्रत्येक नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनेगा और मध्यप्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाएगा । भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और राज्य में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सरकार के माध्यम से जिले में पीएम मित्र पार्क मेडिकल कॉलेज तिलगारा और हातोद में उद्योग कार्य समेत इंदौर दाहोद रेल लाईन तथा धार नगर में धारनाथ लोक का निर्माण विकास की पहचान है।

## मांडव शांति समिति की बैठक में नगर की समस्याओं पर चर्चा

**मांडव। नगर में शांति एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने को लेकर मांडव शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों एवं पत्रकार साथियों की उपस्थिति रही। बैठक के दौरान नगर की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों ने सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट कैमरा व्यवस्था तथा यातायात प्रबंधन**



आने वाले समय में एक समस्या प्रमुखता से मांडू में आएगी जीएमडी गार्डन ह्दह्ह्यश्लह्ल जिसका पानी मालीपुर डैम में जाकर मिल रहा है क्योंकि मालीपुर डैम से पूरे मांडू नगर में पीने के पानी का सप्लाई होता है यह गंभीर समस्या है इस समस्या को गंभीरता से नवभारत ने रखा साथ ही संबंधित को सूचित कर शांति समिति की बैठक में एसडीओपी मोनिका सिंह तहसीलदार राहुल गायकवाड नगर परिषद उपाध्यक्ष कृष्ण यादव हबीब चाचा स्थानी पत्रकार होटल मैनेजर सभी की उपस्थिति में इस बात के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारी आश्वासन दिया साथ ही नगर परिषद द्वारा बोला गया कि गंदगी को हमारे साधन से हटकर स्वच्छ किया जाए नहीं तो कार्रवाई की जाएगी।

> जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। कई वक्ताओं ने कहा कि समय पर समाधान नहीं होने से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि संबंधित विभागों को अवगत कराकर समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। साथ ही आगामी त्योहारों को देखते हुए शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। बैठक के अंत में नगर के विकास एवं सामाजिक सौहार्द को मजबूत बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपेक्षा की गई।

## चावला अजा मोर्चे के प्रदेश नीति एवं शोध प्रभारी नियुक्त

**बदनावर। भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार ने बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से एससी मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों नियुक्तियों की सूची जारी करते हुए विभिन्न पदों पर नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी है।**

इसमें बदनावर नगर के पूर्व पार्षद प्रवीण चावला को भी शामिल किया गया। चावला को मोर्चे का नीति एवं शोध प्रभारी नियुक्त किया गया। चावला इसके पहले मोर्चे की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रह चुके है।



नियुक्ति पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेमचंद परमार व सुनिल मोदी, भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज सोलंकी कवि, जिला सहकोषाध्यक्ष अनामिका ठाकुर, भाजपा के सभी छह मंडलो के अध्यक्ष मनीष गुर्जर, संजय सिंह राठौर, गोविंद रघुवंशी, संतोष ढोलकिया, दिलीपसिंह सोलंकी व आशीष जैन समेत पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बधाई दी व संगठन का आभार माना।

## धार : गौशाला की जमीन पर उद्योग बसाने का आरोप, मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग



**धार** जिले के ग्राम जेतपुरा स्थित प्रकृति वात्सल्य गौशाला समिति एवं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने उद्योग विभाग पर गौशाला की भूमि पर अतिक्रमण का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। समिति के अनुसार खसरा क्रमांक 756 में संचालित गौशाला में लगभग 300 बीमार, दुर्घटनाग्रस्त एवं निराश्रित गौवंश का संरक्षण किया जा रहा है।

गौशाला प्रबंधन का आरोप है कि समीपस्थ खसरा क्रमांक 755 एवं आसपास की भूमि पर विकसित किए जा रहे औद्योगिक क्षेत्र के लिए गौशाला से लगी भूमि के प्लॉट काटे गए हैं तथा बिना उचित सीमांकन तार फेंसिंग कर कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। नियमों के अनुसार गौशाला संचालन के लिए 12 एकड़ भूमि आरक्षित रहना आवश्यक है, जबकि वर्तमान में गोचर भूमि प्रभावित हो रही है।समिति ने कहा कि यदि चराई भूमि समाप्त हुई तो गौवंश के आहार-पाचन पर असर पड़ेगा और मृत्यु दर बढ़ सकती है। साथ ही औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले प्रदूषण से भी पशुओं को नुकसान की आशंका है।

### गौशाला एवं गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर करें सुरक्षित

गौशाला प्रबंधन ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र के भूखंड क्रमांक 100 से 112 को डीनोटिफाई किया जाए और गौशाला एवं गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर सुरक्षित किया जाए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गौशाला के सदस्य एवं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारी में मौजूद रहे। वहीं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के योगेंश पाल सिंह ने चेतावनी दिए कि यदि शासन प्रशासन इस दिशा में यदि कोई शीघ्र कार्रवाई नहीं करता है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा इस अवसर पर समाजसेवी समंदर पटेल, प्रकृति वात्सल्य गौशाला अध्यक्ष धर्मेन्द्र जोशी, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, देवकरण जाट ,विजया शर्मा, प्रमिला शर्मा, ममता जोशी, संतोष पुरोहित,प्रवीण कोठारी,राजू लब्दी सेठ,मीना दुबे, रीमा राठौर,प्रतिभा शर्मा,बिंदिया रघुवंशी,अशोक शास्त्री, तरुण जोशी, अभय जैन, मोतीलाल लश्करी, श्रीकांत द्विवेदी, मनीष भार्गव ,विजय अग्रवाल ,राजेश शर्मा, दीपक शर्मा, लालू यादव,गोटू शुक्ला ,अजय ठाकुर, डॉ दीपक नाहर, प्रवीण शर्मा, आनंदीलाल व्यास, अनिल तिवारी, लक्की उस्ताद,चुन्नू बाजपेई, प्रशांत रावल,जितेंद्र पंड्या,विजय दवे, देवेंद्र शर्मा, महेंद्र जोशी, नीलेश जोशी, आशीष पटेल, बजरंग दल से योगेश पाल, अरविन्द वैष्णव, जगदीश काकरवाल, अनुराग भाटी, पियूष परमार आदि उपस्थित थे।

एक नजर

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी इंदौर में हुआ रंगारंग दीक्षांत समारोह

## राज्यपाल पटेल ने पीएचडी प्राप्त डॉ सन्तोष जोशी का किया सम्मान







**धार ।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर का वर्ष 2025-26 के दीक्षांत समारोह में प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल द्वारा शहर के डॉ संतोष जोशी का सम्मान कर पीएचडी उपाधि भेंट की । इस अवसर पर पद्मश्री डॉ नारायण व्यास, विश्वविद्यालय कुलगुरु डॉ. राकेश सिंघई, इंदौर सांसद श्री शंकर लालवानी, कुलसचिव श्री प्रज्वल खरे एवं अन्य कार्यपरिषद सदस्यों के गरिमामयी आतिथ्य में दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ । पीएचडी उपाधि प्राप्त डॉ. जोशी ने बताया कि उन्होंने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर से पीएचडी की जिसमें विषय मध्यप्रदेश में महिला एवं बाल विकास कार्यक्रमों का ग्रामीण आर्थिक उत्थान में योगदान धार जिले के विशेष संदर्भ में पर डॉ. रसिक दवे (श्री वैष्णव कॉमर्स महाविद्यालय, सेवानिवृत्त प्राध्यापक ) के मार्गदर्शन में अपना 6 वर्षों में शोध कार्य पूर्ण किया। इनका शोध केंद्र श्री वैष्णव कॉमर्स महाविद्यालय, इंदौर रहा। डॉ जोशी की इस उपलब्धि पर पारिवारिक बन्धुओं, इष्ट मित्रों सहित नगरवासियों द्वारा बधाई, शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।